पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

आजादी से जुडे स्थानों को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जाए - राज्यपाल

लखनऊः 19 दिसम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज काकोरी शहीद स्मारक में आयोजित काकोरी शहीद बलिदान दिवस की 88वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि देश की आजादी से जुडे स्थानों को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जाए। उस दृष्टि से काकोरी पूरे हिन्दुस्तान का तीर्थ स्थान है। काकोरी आने पर चेतना और अच्छे भाव पैदा होते हैं। देश की आजादी में काकोरी का इतिहास और योगदान देखते हुए काकोरी शहीद स्मारक का उचित विकास होना चाहिए। काकोरी का विकास ऐसा हो कि लखनऊ आने वाला व्यक्ति यह पूछे कि काकोरी कहाँ है। देश को आजाद कराने में शहीदों ने अपनी जान न्यौछावर की है। उन्होंने कहा कि हमें भी देश के लिए कुछ देना है यह संकल्प लेना होगा।

राज्यपाल ने कहा कि देश के सपूतों ने काकोरी संघर्ष में देश को आजाद कराने के लिए अंग्रेजों के सरकारी खजाने पर कब्जा किया। अंग्रेजों ने काकोरी संघर्ष को लूट की घटना बताया तथा 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम को बगावत बताया था, जबकि ऐसे शब्द हमारे शहीदों के लिए अपमान स्वरूप हैं। देश का सही इतिहास समाज के सामने आना चाहिए। समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ सबको मिलकर खड़ा होना चाहिए। जैसे कैंसर से शरीर नष्ट हो जाता है उसी प्रकार भ्रष्टाचार से समाज नष्ट होता है। समय रहते इलाज से कैंसर दूर किया जा सकता है, ठीक उसी प्रकार समय रहते भ्रष्टाचार पर रोक लगनी चाहिए। कैंसर को दूर करने के लिए कीमोथैरेपी की जाती है उसी प्रकार जाग्रत लोग ही भ्रष्टाचार को दूर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को दूर करने का संकल्प लेने की जरूरत है।

श्री नाईक ने कहा कि देश को आजादी दिलाने वाले लोगों ने बडे ही कष्ट और परिश्रम से आजादी दिलायी है। हमें स्वराज को सुराज में बदलना होगा। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए प्रदेश के विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने काकोरी शहीद स्मारक पर चल रहे विकास पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि जो काम शुरू हुआ है व जल्दी पूरा हो।

जिलाधिकारी लखनऊ श्री राजशेखर ने कहा कि काकोरी का गौरवशाली इतिहास है। काकोरी का वाक्या देशप्रेम का जज्बा जगाता है। काकोरी लखनऊ में है याद दिलाने के लिए प्रयास होना चाहिए। कार्ययोजना तैयार करके काकोरी शहीद स्मारक का विकास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि काकोरी का इतिहास बच्चों को भी मालूम हो इसका प्रयास किया जाए।

कार्यक्रम का आयोजन काकोरी शहीद स्मारक विकास एवं संरक्षण समिति तथा शहीद स्मृति समिति उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में समिति के सचिव श्री उदय खत्री, मुख्य विकास अधिकारी श्री उमेश मिश्रा, अतिरिक्त जिलाधिकारी श्री राजेश पाण्डेय सहित भारी सख्या में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उनके परिजन तथा स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

राज्यपाल ने इस अवसर पर श्री अशोक अग्निपथी द्वारा काकोरी के शहीदों पर लिखित कविता संग्रह का विमोचन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने काकोरी के शहीद विषयक अभिलेख प्रदर्शनी एवं युवा मेले का भी उद्घाटन किया।

अमर शहीद
पं. रामप्रसाद बिस्मिल


काकोरी क्रान्तिकारियों के छायाचित्र
क्रान्तिकारियों के मूल हस्ताक्षर

राम प्रसाद बिस्मिल
ठाकुर रोशन सिंह
राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी
अशफाक उल्लाह खां
चन्द्रशेखर आजाद
आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि
श्री राम नाईक
माननीय श्री राज्यपाल
उत्तर प्रदेश
19 दिसम्बर 2015, स्थान : काकोरी शहीद स्मारक, बाजनगर, लखनऊ
आयोजक :
काकोरी शहीद स्मारक विकास
एवं
संरक्षण समिति एवं
शहीद स्मृति समारोह समिति,
उ.प्र.
संयोजक
(संरक्षक)
मण्डलायुक्त
लखनऊ मण्डल,
लखनऊ
(अध्यक्ष)
जिलाधिकारी
लखनऊ
(सचिव)
उप जिलाधिका
सदर, लखनऊ

ठाकुर रोशन
अशफाक
चन्द्रशेखर आजाद
संयोजक
(संरक्षक)
मण्डलायुक्त
लखनऊ मण्डल,
लखनऊ
(अध्यक्ष)
लखनऊ
(सचिव)
आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि
श्री राम नाईक
माननीय श्री राज्यपाल
उत्तर प्रदेश
आयोजक :
काकोरी शहीद स्मारक विकास
एवं
संरक्षण समिति एवं
शहीद स्मृति समारोह समिति,
उ.प्र.